25

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL


रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

7065





विक्रय मूल्य –रू0 5,62,000/–
मालियत –रू0 5,62,000/–
स्टाम्प –रू0 39,400/–
परगना – मोहनलालगंज

# विक्रय विलेख

**विक्रय विलेख का संक्षिप्त विवरण:–**

1. भूमि का प्रकार – कृषि
2. परगना – मोहनलालगंज (कोड–101)
3. मोहल्ला/ग्राम – बक्कास (वी कोड–0095)

——2

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000

पाँच हजार रुपये

Rs.5000

FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AR 379384

19 MAR 2014

(2)

4. सम्पत्ति का विवरण— भूमि खसरा सं0—632, 873 व 874 का 1/6 भाग

5. मापन की इकाई —हेक्टेअर

6. सम्पत्ति का क्षेत्रफल—0.1405 हेक्टेअर

7. सड़क की स्थिति—(परिशिष्ट के अनुसार)
—मुख्य मार्ग सुल्तानपुर रोड से 1 किलोमीटर से अधिक दूरी पर।

8. अन्य विवरण (लिंक/खड़ण्जा/जनपदीय मार्ग इत्यादि)—नहीं

9. सम्पत्ति का प्रकार :— कृषि भूमि

11. पेड़ों का मूल्यांकन – X

12. बोरिंग/कुआं/अन्य – X

13. निर्माण का वर्ष – X

14. सहकारी आवास समिति के सदस्य से सम्बन्धित है— नहीं

15. प्रतिफल की धनराशि 5,62,000/— रूपये

------3

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

रु.5000 Rs.5000

पाँच हज़ार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AR 379385

13 MAR 2014

(3)

भूमि खसरा संख्या–632 की चौहद्दी

पूरब : भूमि खसरा सं0–631

पश्चिम : भूमि खसरा सं0–633

उत्तर : भूमि खसरा सं0–636

दक्षिण : भूमि खसरा सं0–629

भूमि खसरा संख्या–873 व 874 की संयुक्त चौहद्दी

पूरब : भूमि खसरा सं0–872, 876

पश्चिम : भूमि खसरा सं0–866, 864

उत्तर : भूमि खसरा सं0–871

दक्षिण : भूमि खसरा सं0–875

------4

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AR 560329

19 MAR 2014

(4)

प्रथम पक्ष की संख्या (1) द्वितीय पक्ष की संख्या (1)

**विक्रेता का विवरण**

दुर्गा प्रसाद पुत्र पुत्तीलाल निवासी–अर्जुनगंज बाजार, तहसील व जिला–लखनऊ, उ0प्र0।

**क्रेता का विवरण**

सत्येन्द्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी–म0नं0–4/2, टाईप–4, पी0डब्ल्यू0डी0 कालोनी, जेल रोड, लखनऊ, उ0प्र0।

मनकि दुर्गा प्रसाद पुत्र पुत्तीलाल निवासी–अर्जुनगंज बाजार, तहसील व जिला–लखनऊ, उ0प्र0, (विक्रेता) के

-------5

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AR 560330

13 MAR 2014

(5)

द्वारा सत्येन्द्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी–म0नं0–4/2, टाईप–4, पी0डब्ल्यू0डी0 कालोनी, जेल रोड, लखनऊ, उ0प्र0 (क्रेता) के पक्ष में निष्पादित किया जा रहा है।

जो कि विक्रेता **भूमि खसरा संख्या–632 रकबा 0.335 हेक्टेयर, खसरा संख्या–873 रकबा 0.224 हे0, व खसरा संख्या–874 रकबा 0.284 हे0, तीन किता कुल रकबा 0.843 हे0 में 1/6 भाग यानी 0.1405 हेक्टेयर, स्थित ग्राम–बक्कास, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ**, का मालिक, कामिल व काबिज है। उक्त भूमि को विक्रेता ने पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया था, जो राजस्व अभिलेखों में विक्रेता के नाम संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार के रूप में दर्ज है।

------6

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AR 360331

19 MAR 2014

(6)

उक्त भूमि हर प्रकार के विवादों, भारों, अजकिस्म, रेहन, बंधक, इकरार, कुर्की, जमानत, हिबा, ऋण आदि से पूर्णतया बरी व पाक–साफ है, जिसको विक्रय करने का पूर्ण मालिकाना अधिकार विक्रेता को प्राप्त है। अब अपनी राजीखुशी से बिना किसी जोर दबाव नाजायज के बजरूरत होशो हवास में उपरोक्त वर्णित भूमि नम्बरी व पैमायशी को बकीमती मुबलिग **रूपया–5,62,000/– (पाँच लाख बासठ हजार रूपया मात्र)** जिसके आधे **रूपया–2,81,000/– (दो लाख इक्यासी हजार रूपया मात्र)** होते हैं, में बदस्त सत्येन्द्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी–म0नं0–4/2,टाईप–4,पी.डब्ल्यु.डी. कालोनी, जेल रोड, लखनऊ, उ0प्र0, (क्रेता) के पक्ष में

-----7

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

लखनऊ कोषागार से
AU 501549
25 MAR 2014
मु. को. अ./कोषाधिकारी
आदर्श कोषागार लखनऊ
LKOTRY



विक्रय कर दिया यानि बेच दिया और कुल विक्रय मूल्य क्रेता से वसूल पाकर कब्जा दखल मालिकाना विक्रेता ने अपने ही समान क्रेता उपरोक्त का बखूबी करा दिया। अब आज की तारीख के बाद से विक्रेता या उनके किसी वारिसान व कायम मुकामान का कोई हक या हिस्सा व दावा उक्त विक्रीत भूमि या उसके विक्रय मूल्य के संबंध में किसी प्रकार का बाकी नहीं रहा। अगर कोई व्यक्ति विक्रीत भूमि या उसके विक्रय मूल्य के संबंध में क्रेता उपरोक्त से अपना हक जतावे या दावा करे तो दावा उसका इस बैनामें के समक्ष बिल्कुल नाजायज व शून्य होगा और अगर किसी व्यक्ति की दावेदारी या उज्रदारी या

----8

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये

रु.1000

ONE THOUSAND RUPEES

Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AF 820580

MAR 20



हकदारी से विक्रीत भूमि का कुल या जुज भाग क्रेता उपरोक्त के कब्जे से किसी भी समय निकल जावे या कब्जा न मिले, मिल्कियत या हकीयत विक्रेता की करार न पाई जाए, या अन्य किसी प्रकार से उपरोक्त भूमि के कागजात विवादित अथवा भार ग्रसित निकले तो ऐसी तमाम सूरतों में क्रेता उपरोक्त को हक व अधिकार होगा कि वह अपने द्वारा दिया गया कुल रुपया मय हर्जा व खर्चा व नुकसान सहित विक्रेता व उसके वारिसान व कायम मुकामान की अन्य चल व अचल सम्पत्ति से

-----9

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AF 820581



न्यायालय द्वारा वसूल कर लेवे, विक्रेता को कोई मुकाम उज्र का न होगा। अब आज की तारीख से क्रेता उपरोक्त को अधिकार होगा कि वह उपरोक्त विक्रीत भूमि को समस्त सरकारी अभिलेखों में जहाँ उचित समझे अपने नाम दर्ज करा लेवे, विक्रेता को कोई आपत्ति नहीं होगी।

विक्रीत भूमि मुख्य मार्ग सुल्तानपुर रोड से 1 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। विक्रीत भूमि में कोई कुआँ या ट्यूबवेल या इमारत आदि नहीं है तथा 200 मीटर त्रिज्या के

-----10

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AF 820582



अन्दर कोई निर्माण या आबादी/आवासीय गतिविधियाँ विद्यमान नहीं है। विक्रीत भूमि पर कोई पेड़ आदि नहीं लगा है और उक्त भूमि कृषि भूमि है। विक्रेता व क्रेता दोनों ही अनुसूचित जाति के सदस्य हैं।

विक्रीत भूमि ग्राम–बक्कास, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ के अर्द्धनगरीय क्षेत्र में स्थित है। विक्रीत भूमि का कुल क्षेत्रफल–**0.1405 हेक्टेयर** है, जिसकी मालियत श्रीमान् जिलाधिकारी महोदय लखनऊ द्वारा जारी मूल्यांकन सूची के अनुसार सरकारी मूल्य **रूपया 40,00,000/–**

----11

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AF 820579



प्रति हेक्टेयर की दर से निर्धारित है। विक्रीत भूमि किसी राष्ट्रीय मार्ग, राजकीय मार्ग, जनपदीय मार्ग व सम्पर्क मार्ग पर स्थित नहीं है। अतः निर्धारित दर के अनुसार विक्रीत भूमि की कुल सरकारी मालियत मुबलिग **रूपया–5,62,000/–** होती है, जो कि विक्रय मूल्य के बराबर है। अतः विक्रय मूल्य पर शासकीय शासनादेश **संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग–5 की अधिसूचना संख्या–स.वि.क.नि.5–2756/**

-----12

भारतीय गैर न्यायिक
एक सौ रुपये
Rs. 100
रु. 100
ONE HUNDRED RUPEES
सत्यमेव जयते
भारत INDIA
INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BX 287862



11–2008–500(165)/2007 दिनांक 30.06.2008 के अनुसार 7 प्रतिशत की दर से रूपया–39,400/– का स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। क्रेता व विक्रेता के मध्य पूर्व में कोई इकरारनामा बय पंजीकृत नहीं किया गया है। उक्त विक्रीत भूमि पर किसी प्रकार का कोई निर्माण नहीं है। विक्रेता व क्रेता

----- 13

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

रु. 100

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BX 287861

11 MAR 2014



का स्थायी व अस्थायी पता उपरोक्तानुसार है। विक्रीत भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण या उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद् की किसी भी योजना में अधिगृहीत नहीं की गई है और न ही प्रस्तावित है।

-----14

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BX 287860



लिहाजा यह **विक्रय विलेख** समक्ष गवाहान उभय पक्षों ने खूब सोच समझ कर बिना किसी जोर दबाव नाजायज के बदुरूस्त होशोहवास व स्वस्थ चित्त मन से अपने--अपने हस्ताक्षर करके निष्पादित कर पंजीकृत करा दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आवे।

-----15

एक सौ रुपये Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BX 287859



<u>विवरण भूमि बिक्रीशुदा</u>

भूमि खसरा संख्या–632 रकबा–0.335 हेक्टेयर, खसरा संख्या–873 रकबा 0.224 हे0, व खसरा संख्या–874 रकबा 0.284 हे0, तीन किता कुल रकबा 0.843 हे0 में 1/6 भाग यानी 0.1405 हेक्टेयर, स्थित ग्राम–बक्कास, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ।

-----16

<u>तफसील वसूलयाबी ज़रसमन</u>

कुल विक्रय मूल्य **रूपया–5,62,000/–** (पाँच लाख **बासठ हजार रूपया मात्र)** विक्रेता ने क्रेता से नकद प्राप्त कर लिया है। अब कोई भी धनराशि विक्रीत आराजी से सम्बन्धित क्रेता से विक्रेता को पाना शेष नहीं रहा।

लखनऊ

दिनांक : 02.04.2014

**ह0 विक्रेता**

1. गवाह :

पता :

2. गवाह : पवन तिवारी एडवोकेट

पता : कलेक्ट्रेट बार लखनऊ

**ह0 क्रेता**

टाइपकर्ता

**(अनिल बालाजी)**

**कलेक्ट्रेट, लखनऊ।**

मसविदाकर्ता


**(संदीप कुमार सिंह)**


**एडवोकेट**

**कलेक्ट्रेट, लखनऊ।**

## 0–200 मीटर की त्रिज्या में मानचित्र

भूमि खसरा संख्या–632 रकबा–0.335 हेक्टेयर, खसरा संख्या–873 रकबा 0.224 हे0, व खसरा संख्या– 874 रकबा 0.284 हे0, तीन किता कुल रकबा 0.843 हे0 में 1/6 भाग यानी 0.1405 हेक्टेयर, स्थित ग्राम–बक्कास, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ।




हस्ताक्षर विक्रेता

हस्ताक्षर क्रेता

आज दिनांक 02/04/2014 को

बही सं 1 जिल्द सं. 4528

पृष्ठ सं. 189 से 222 पर क्रमांक 5124

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अर्पिता शर्मा पाण्डेय

उ.नि.मोहनलालगंज

लखनऊ

2/4/2014